पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंतर ब्रांच खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

परिक्रमा रिपोर्टर

जोधपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पांच दिवसीय अंतर ब्रांच खेलकूद प्रतियोगिताओं कबड्डी ,वालीबाल, क्रिकेट, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, कैरम एवं एथलेटिक्स का आगाज हुआ। प्रधानाचार्य अंशु सहगल ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी एवं सभी छात्रों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने पर उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन लीग मैचों में क्रिकेट में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग टीम विजेता रही, वॉलीबॉल खेल में पेट्रोलियम एवं कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की टीमें विजेता रही। कबड्डी खेल में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सिविल की टीमें विजेता रही।

Khatwani